an>

Title: Need to address shortage of water problem in Meera Bhayander in Thane district of Maharashtra.

श्री राजन विचारे (ठाणे) : मैं सरकार का ध्यान बड़े ही महत्वपूर्ण विषय की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं जिसका सम्बन्ध महाराष्ट्र के ठाणे के अंतर्गत आने वाली मीरा भइंदर क्षेत्र से है। जहाँ पर लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल पाता। मुम्बई शहर के नजदीक होने के कारण यहाँ पर प्रतिदिन आने वाले लोगों की जनसंख्या बढ़ती जाती है जिस कारण इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पीने का पानी उचित मात्रा में नही मिल पाता।

मीरा भइंदर क्षेत्र को पानी दो स्रोतों से मिलता है जिसमें स्टीम वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी प्रा. लि. है (स्टीम) तथा दूसरा महाराष्ट्र इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एम.आई.डी.सी.) है। फिर भी यह एक परिवार में रहने वाले चार या पाँच सदस्यों के लिए अपर्याप्त है। पानी नहीं मिल पाने के कारण यहाँ रहने वाले लोगों को बाहर एजेन्टों को पैसा देकर पानी खरीदना पड़ता है जिस कारण यहाँ टैंकर लॉबी का राज चलता है और उनके द्वारा लोगों को गंदा पानी उपलब्ध कराया जाता है जो स्वास्थ्य की दृष्टि से खतरनाक है।

यहाँ रहने वाले लोगों की जनसंख्या करीब 12 लाख है तथा यहाँ पर रोज मिलने वाले पानी में 34 एम.एल.डी. की कमी रहती है जबकि महाराष्ट्र सरकार ने इस क्षेत्र के लिए 218 एम.एल.डी. पानी सूर्या डेम से उपलब्ध कराने को मंजूरी दी है।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि मीरा भइंदर क्षेत्र में रहने वाले लोगों की पीने के पानी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए।